collegebatch.com

**Series Q5QPS/5** **Set – 1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/5/1**

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **32** (**मानचित्र** सहित) हैं ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*

- *Please check that this question paper contains **32** printed pages (Including **Map**).*
- *Please check that this question paper contains **34** questions.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***
*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

collegebatch.com

## ENGLISH VERSION

**General Instructions :**

***Read the following instructions carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains* ***34*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *Question paper is divided into* ***five*** *Sections – Section* ***A, B, C, D*** *and* ***E****.*

*(iii)* ***Section A*** *– question number* ***1*** *to* ***21*** *are Multiple Choice type Questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(iv)* ***Section B*** *– question number* ***22*** *to* ***27*** *are Short Answer type questions. Each question carries* ***3*** *marks. Write answer to each question in* ***60*** *to* ***80*** *words.*

*(v)* ***Section C*** *– question number* ***28*** *to* ***30*** *are Long Answer (LA) type Questions. Each question carries* ***8*** *marks. Write answer to each question in* ***300*** *to* ***350*** *words.*

*(vi)* ***Section D*** *– question number* ***31*** *to* ***33*** *are Source Based Questions having* ***three*** *sub questions. Each question carries* ***4*** *marks.*

*(vii)* ***Section E*** *– question number* ***34*** *is Map Based Question that includes the identification and location of significant test items. This question carries* ***5*** *marks. Attach the Map with the answer-book.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in section B, C and D of question paper. A candidate has to write answer for only* ***one*** *of the alternatives in such questions.*

*(ix)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*

## SECTION – A

**(MCQs)** **21 × 1 = 21**

1. Which one of the following is the correct statement regarding Harappan Culture ? **1**
   (A) Most of the Harappan sites were located in semi-arid lands.
   (B) Irrigation was probably not required for agriculture at the Harappan sites.
   (C) No trace of canals have been found at the Harappan sites.
   (D) The Iron tipped Ploughshare was used at the Harappan sites.

2. Who among the following was an ex-army official and worked as Director General of Archaeological Survey of India (ASI) ? **1**
   (A) John Marshal (B) Alexander Cunningham
   (C) R.D. Bannerjee (D) R.E.M. Wheeler

3. Which one of the following is <u>not</u> a true statement regarding Harappan Script ? **1**
   (A) This script remains undeciphered till date.
   (B) This script was written from left to right.
   (C) It was not alphabetic.
   (D) It has too many signs between 375 and 400.

4. Identify the following picture from the given options : **1**



   (A) Sultan Jahan Begum (B) Shahjahan Begum
   (C) Jahanara Begum (D) Ruksar Begum

collegebatch.com

**Note : The following question is in lieu of Question No. 4 for Visually Impaired Candidates only.**

In which of the following states Sanchi Stups is located ? **1**

(A) Uttar Pradesh

(B) Madhya Pradesh

(C) Arunachal Pradesh

(D) Andhra Pradesh

5. Write the appropriate option from the given in your answer sheet.

The practice of ____________ means a man having several wives. **1**

(A) Exogamy (B) Endogamy

(C) Polygyny (D) Polyandry

6. Arrange the following in chronological order and choose the correct option from the following : **1**

I. Rule of Ashoka

II. Invasion of Alexander

III. Rule of Gupta dynasty

IV. Rise of Chalukyas in Karnataka

**Options** :

(A) I, III, II and IV

(B) IV, II, I and III

(C) II, I, III and IV

(D) III, IV, II and I

collegebatch.com

7. Given below are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read them carefully and choose the correct option from the given options. **1**

**Assertion (A) :** In the Eighth Century, the Kailashnath Temple was carved out of mountain.

**Reason (R) :** King Ashoka had given the directive to create artificial caves by cutting into the mountains to resemble temples.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is untrue.

(D) (A) is untrue, but (R) is true.

8. Identify the medieval globe-trotter with the help of the following information : **1**

- Before he set-off for India he made pilgrimage trips to Mecca before 1332-33 C.E.
- The Delhi Sultan Muhammad Bin Tughlaq made him Qazi or the judge of Delhi.

**Options :**

(A) Abd-al-Razzak

(B) Al-Biruni

(C) Ibn Batuta

(D) Seydi Ali Reis

9. Who among the following Sikh Gurus compiled 'Adi Granth Sahib' ? **1**

(A) Guru Nanak Dev ji

(B) Guru Arjun Dev ji

(C) Guru Hargobind Sahib ji

(D) Guru Gobind Singh ji

collegebatch.com

10. Choose the correct option regarding Virashaiva tradition from the following : **1**

(A) This tradition emerged in Karnataka.

(B) They are the followers of Vishnu.

(C) They believed in the theory of rebirth.

(D) They practice funerary rites.

11. Read the following information carefully and choose the correct location for this dargah from the given options. **1**

- It is a dargah of Shaikh Salim Chisti.
- Akbar visited this dargah many a times.

**Options :**

(A) Ajmer
(B) Delhi
(C) Agra
(D) Fatehpur Sikri

12. Which one of the following description of Mughal rural society is correctly matched ? **1**

| **(Rural - people)** | **(Profession)** |
|---|---|
| (A) Raiyat | Boatsman |
| (B) Mallah | Banker |
| (C) Shroff | Peasant |
| (D) Mansabdar | Military-Bureaucrat |

collegebatch.com

13. Match column-I with column-II and choose the correct option : **1**

| Column-I (Temple) | | Column-II (Region) | |
|---|---|---|---|
| I | Brihadeswara | A | Vijayanagar |
| II | Channekeshwar | B | Tanjavur |
| III | Hazara Ram | C | Tamil Nadu |
| IV | Chidambaram | D | Belur |

**Options :**

| | **I** | **II** | **III** | **IV** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | C | B | D | A |
| (B) | A | C | B | B |
| (C) | B | D | A | C |
| (D) | D | A | C | B |

14. Identify the forest tribe during sixteenth and seventeenth century with the help of following information : **1**

- In Assam these Tribal Chiefs became kings.
- They rendered military service in exchange of land.
- They declared their monopoly on catching wild elephants.

(A) Lohani tribe

(B) Santhal tribe

(C) Ahom tribe

(D) Munda tribe

collegebatch.com

15. Identify the primary purpose of Britishers to implement Permanent Settlement in Bengal. Choose the best suitable option from the following : **1**

(A) To empower peasants of the region.

(B) To abolish land ownership in the region.

(C) To increase agricultural productivity of Jotedars.

(D) To provide financial stability to British govt.

16. Who among the following was the leader of the revolt of 1857 from Bihar region ? **1**

(A) Shahmal
(B) Kunwar Singh
(C) Gonoo
(D) Nana Saheb

17. Who among the following described the following line for Kingdom of Awadh ?

"A cherry that will fall into our mouth one day." **1**

(A) Lord Cornwallis
(B) Lord Wellesley
(C) Lord Dalhousie
(D) Lord Canning

18. At which of the following places the mutiny broke out on 10th day of May 1857 ? **1**

(A) Barrakpore
(B) Delhi
(C) Meerut Cantt
(D) Lucknow

collegebatch.com

19. Who among the following moved the resolution in the Constituent Assembly that the Indian National Flag be horizontal tricolour of saffron, white and dark green in equal proportions with a wheel in navy blue in the centre ? **1**

(A) Vallabhbhai Patel

(B) Rajendra Prasad

(C) B.R. Ambedkar

(D) Jawaharlal Nehru

20. Identify the member of Constituent Assembly with the help of information given below : **1**

| | |
|---|---|
| (i) | He was a member of drafting committee of constitution. |
| (ii) | He was a lawyer. |
| (iii) | He gave crucial inputs in drafting of constitution. |
| (iv) | He belonged to Madras (Chennai). |

(A) B.N. Rau

(B) K.M. Munshi

(C) Alladi Krishnaswami Ayyar

(D) S.N. Mukherjee

21. Which of the following movements was broadened by 'Lal-Bal-Pal' and conveyed it as the all-India character of their struggle from 1905-1907 ? **1**

(A) Gadar Movement

(B) Swadeshi Movement

(C) Satyagraha Movement

(D) Peasant Movement

collegebatch.com

## SECTION – B

**(Short Answer type Questions)** **3 × 6 = 18**

22. (a) Explain the strategies adopted by Harappans to procure raw material for their craft production. **3**

**OR**

(b) Explain how archaeologists have been able to reconstruct dietry practices of the Harappans. **3**

23. How was patriliny system important among the elite families from sixth century BCE onwards. Explain with examples. **3**

24. "Baba Guru Nanak Dev ji advocated a form of "Nirguna Bhakti". Substantiate the statement. **3**

25. "Ain-i-Akbari is considered a major source for the agrarian history of the sixteenth and seventeenth centuries." Examine the statement. **3**

collegebatch.com

26. (a) Under what circumstances did Bahadur Shah Zafar bless the rebellion of 1857 ? Explain. **3**

**OR**

(b) Explain any three sources to know about the Revolt of 1857. **3**

27. "The draft constitution provided for three lists of subjects on the issue of federalism." Explain the statement with examples. **3**

## SECTION – C

**(Long Answer type Questions)** **8 × 3 = 24**

28. (a) "The sixth century BCE was a period of emergence of early states, empires and diverse thoughts in the early Indian history." Justify the statement. 8

**OR**

(b) "Although inscriptions provide strong evidence for reconstructing history yet there are few limitations to these evidences." Justify the statement. 8

29. (a) Examine the main reasons for the rise and decline of the Vijaynagar empire. 8

**OR**

(b) Examine the distinctive aspects of the fortification of the Vijaynagar empire. 8

collegebatch.com

30. (a) Explain the reasons behind Gandhiji's decision to initiate the Salt Satyagraha and why did this movement become a significant event ? **3 + 5 = 8**

**OR**

(b) Explain why the 'Quit India Movement' was considered a mass movement. **8**

## SECTION – D

**(Source Based Questions)** **4 × 3 = 12**

31. Read the following source carefully and answer the questions that follow : **4**

**Buddhism in practice**

This is an excerpt from the *Sutta Pitaka*, and contains the advice given by the Buddha to a wealthy householder named Sigala :

In five ways should a master look after his servants and employees.... by assigning them work according to their strength, by supplying them with food and wages, by tending them in sickness; by sharing delicacies with them and by granting leave at times...

In five ways should the clansmen look after the needs of *samanas* (those who have renounced the world) and Brahmanas : by affection in act and speech and mind, by keeping open house to them and supplying their worldly needs.

There are similar instructions to Sigala about how to behave with his parents, teacher and wife.

collegebatch.com

31.1 Explain the significance of Sutta Pitaka in Buddhism. **1**

31.2 How did Buddha advise the wealthy householders to be humane and ethical ? **1**

31.3 What was the advice given by Buddha to Sigala on how to behave with his parents and teachers ? **2**

32. Read the source given below and answer the questions that follow : **4**

**A language with an enormous range**

Al-Biruni described Sanskrit as follows :

If you want to conquer this difficulty (i.e. to learn Sanskrit), you will not find it easy, because the language is of an enormous range, both in words and inflections, something like the Arabic, calling one and the same thing by various names, both original and derivative, and using one and the same word for a variety of subjects, which, in order to be properly understood, must be distinguished from each other by various qualifying epithets.

32.1 What motivated Al-Biruni to study Sanskrit ? **1**

32.2 How did Al-Biruni's observations about Sanskrit contribute to cross cultural understanding ? **1**

32.3 In what ways Al-Biruni compare Sanskrit to Arabic ? **2**

collegebatch.com

33. Read the source given below and answer the questions that follow : **4**

**A ryot petition**

This is an example of a petition from a *ryot* of the village of Mirajgaon, Taluka Karjat, to the Collector, Ahmednagar, Deccan Riots Commission :

The *sowkars* (*sahukars*).... have of late begun to oppress us. As we cannot earn enough to defray our household expenses, we are actually forced to beg of them to provide us with money, clothes and grain, which we obtain from them not without great difficulty, nor without their compelling us to enter into hard conditions in the bond. Moreover the necessary clothes and grain are not sold to us at cash rates. The prices asked from us are generally twenty-five or fifty per cent more than demanded from customers making ready money payments... The produce of our fields is also taken by the *sowkars*, who at the time of removing it assure us that it will be credited to our account, but they do not actually make any mention of it in the accounts. They also refuse to pass us any receipts for the produce so removed by them.

33.1 In what ways the money-lenders oppressed the ryots ? **1**

33.2 Why was the harvest taken away by the money-lenders ? **1**

33.3 Explain any two features of the Ryotwari system. **2**

collegebatch.com

## SECTION – E

**(Map Based Question)** **5 × 1 = 5**

34. 34.1 On the given political outline map of India, locate and label the following with appropriate signs :

(i) Banawali – A matured Harappan Site **1**

(ii) Bharhut – A Buddhist Site **1**

(iii) (a) Agra – Territory under Mughal's control **1**

**OR**

(b) Delhi – Territory under Mughal's control **1**

34.2 On the same map two places have been marked as A and B, which are the centres of Indian National Movement. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. **2**

**Note : The following questions are meant for Visually Impaired Candidates in lieu of Q. 34.**

34.1 Mention any two Harappan Site. **2**

34.2 (a) Mention any one territory under Mughal's control. **1**

**OR**

(b) Mention the name of the Capital of Vijaynagar Empire. **1**


34.3 Name any two centres of Indian National Movement. **2**

collegebatch.com

यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here

प्रश्न सं. **34** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **34**



collegebatch.com

collegebatch.com

Series Q5QPS/5

Set – 1

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/5/1**

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **32** (**मानचित्र** सहित) हैं ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*

- *Please check that this question paper contains **32** printed pages (Including **Map**).*
- *Please check that this question paper contains **34** questions.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

collegebatch.com

## HINDI VERSION

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में 34 प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।*

*(iii)* ***खण्ड-क** : प्रश्न संख्या 1 से 21 बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।*

*(iv)* ***खण्ड-ख** : प्रश्न संख्या 22 से 27 लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखिए।*

*(v)* ***खण्ड-ग** : प्रश्न संख्या 28 से 30 दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 से 350 शब्दों में लिखिए।*

*(vi)* ***खण्ड-घ** : प्रश्न संख्या 31 से 33 तीन उपप्रश्नों वाले स्रोत आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का है।*

*(vii)* ***खण्ड-ङ** : प्रश्न संख्या 34 मानचित्र आधारित प्रश्न हैं जिसमें महत्वपूर्ण परीक्षण, वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं। यह प्रश्न 5 अंकों का है। मानचित्र को उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न करें।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, खण्ड ख, खण्ड ग तथा खण्ड घ में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखना है।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

collegebatch.com

## खण्ड – क

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)** **21 × 1 = 21**

1. हड़प्पा संस्कृति के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ? **1**
   (A) अधिकांश हड़प्पा स्थल अर्ध–शुष्क क्षेत्रों में स्थित थे ।
   (B) हड़प्पा स्थलों में संभवतः कृषि के लिए सिंचाई की आवश्यकता नहीं पड़ती थी ।
   (C) हड़प्पा पुरास्थलों में नहरों के अवशेष नहीं मिले हैं ।
   (D) हड़प्पा पुरास्थलों में लोहे के फाल हलों का प्रयोग किया जाता था ।

2. निम्नलिखित में से कौन सेना के पूर्व–ब्रिगेडियर और भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के डायरेक्टर जनरल थे ? **1**
   (A) जॉन मार्शल (B) अलेक्जेंडर कनिंघम
   (C) आर.डी. बैनर्जी (D) आर.ई.एम. व्हीलर

3. हड़प्पाई लिपि के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही <u>नहीं</u> है ? **1**
   (A) यह लिपि आज तक पढ़ी नहीं जा सकी ।
   (B) यह लिपि बाईं से दाईं ओर लिखी जाती थी ।
   (C) यह वर्णमालीय नहीं थी ।
   (D) इसमें चिह्नों की संख्या 375 से 400 के बीच थी ।

4. निम्नलिखित चित्र की दिए गए विकल्पों में से पहचान कीजिए : **1**



   (A) सुल्तान जहाँ बेगम (B) शाहजहाँ बेगम
   (C) जहाँआरा बेगम (D) रुख्सार बेगम

collegebatch.com

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न सं. 4 के स्थान पर है ।**

साँची स्तूप निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है ? **1**

(A) उत्तर प्रदेश

(B) मध्य प्रदेश

(C) अरुणाचल प्रदेश

(D) आंध्र प्रदेश

5. दिए गए में से उपयुक्त विकल्प अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए । **1**

________ प्रथा एक पुरुष की अनेक पत्नियाँ होने की सामाजिक परिपाटी है ।

(A) बहिर्विवाह

(B) अंतर्विवाह

(C) बहुपत्नी

(D) बहुपति

6. निम्नलिखित को कालक्रमिक क्रम से व्यवस्थित कीजिए और दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

I. अशोक का शासन

II. सिकंदर का आक्रमण

III. गुप्त वंश का शासन

IV. कर्नाटक में चालुक्यों का उदय

**विकल्प :**

(A) I, III, II और IV

(B) IV, II, I और III

(C) II, I, III और IV

(D) III, IV, II और I

collegebatch.com

7. नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R) । इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए । **1**

**अभिकथन (A) :** आठवीं सदी के कैलाशनाथ मंदिर को पहाड़ी काट कर बनाया गया था ।

**कारण (R) :** मंदिरों को पहाड़ काट कर कृत्रिम गुफाओं का रूप देने का आदेश राजा अशोक ने दिया था ।

**विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

8. निम्नलिखित जानकारी की सहायता से मध्यकालीन विश्व-यात्री की पहचान कीजिए : **1**

- 1332-33 में भारत के लिए प्रस्थान करने से पहले वह मक्का की तीर्थ यात्रा कर चुका था ।
- दिल्ली के सुल्तान, मुहम्मद बिन तुग़लक ने उसे दिल्ली का काज़ी या न्यायाधीश नियुक्त किया ।

**विकल्प :**

(A) अब्द-अल-रज़्ज़ाक

(B) अल-बिरूनी

(C) इब्न-बतूता

(D) सयदी अली रेइस

9. निम्नलिखित में से सिक्खों के किस गुरु ने 'आदि ग्रंथ साहिब' का संकलन किया ? **1**

(A) गुरु नानक देव जी

(B) गुरु अर्जुन देव जी

(C) गुरु हरगोबिंद साहिबजी

(D) गुरु गोबिंद सिंह जी

10. निम्नलिखित में से वीरशैव परंपरा के संदर्भ में सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(A) इस परंपरा का उद्भव कर्नाटक में हुआ ।

(B) वे विष्णु के अनुयायी थे ।

(C) वे पुनर्जन्म के सिद्धांत को मानते थे ।

(D) वे श्राद्ध संस्कार का पालन करते थे ।

11. निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इस दरगाह का स्थान नीचे दिए विकल्पों में से पहचानिए । **1**

- यह शेख सलीम चिश्ती की दरगाह है ।
- अकबर ने इस दरगाह का कई बार दौरा किया ।

**विकल्प :**

(A) अजमेर
(B) दिल्ली
(C) आगरा
(D) फतेहपुर सीकरी

12. मुगल ग्रामीण समाज का निम्नलिखित में से कौन सा विवरण सुमेलित है ? **1**

| (ग्रामीण लोग) | (कार्य) |
|---|---|
| (A) रैयत | नाविक |
| (B) मल्लाह | बैंकर |
| (C) सराफ़ | किसान |
| (D) मनसबदार | सैनिक–नौकरशाह |

collegebatch.com

13. स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| **स्तंभ-I (मंदिर)** | | **स्तंभ-II (क्षेत्र)** | |
|---|---|---|---|
| I | बृहदेश्वर | A | विजयनगर |
| II | चन्नकेशवर | B | तंजावूर |
| III | हज़ारा राम | C | तमिलनाडु |
| IV | चिदम्बरम् | D | बेल्लूर |

**विकल्प :**

| | **I** | **II** | **III** | **IV** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | C | B | D | A |
| (B) | A | C | B | B |
| (C) | B | D | A | C |
| (D) | D | A | C | B |

14. निम्नलिखित जानकारी की सहायता से सोलहवीं और सत्रहवीं शताब्दी के दौरान जंगली कबीले की पहचान कीजिए : **1**

- असम में ये जंगली कबीलों के सरदार राजा बन गए ।
- ये ज़मीन के बदले सैनिक सेवा देते थे ।
- इन्होंने जंगली हाथी पकड़ने पर अपने एकाधिकार का ऐलान कर रखा था ।

(A) लोहानी कबीला

(B) संथाल कबीला

(C) अहोम कबीला

(D) मुंडा कबीला

collegebatch.com

15. बंगाल में इस्तमरारी बंदोबस्त लागू करने में अंग्रेजों के प्राथमिक उद्देश्य की पहचान कीजिए। निम्नलिखित में से सर्वोपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(A) क्षेत्र के किसानों को सशक्त करने के लिए।

(B) क्षेत्र में भू–स्वामित्व को समाप्त करने के लिए।

(C) ज़ोतदारों का कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए।

(D) ब्रिटिश सरकार को वित्तीय स्थिरता प्रदान करने के लिए।

16. निम्नलिखित में से कौन बिहार क्षेत्र से 1857 के विद्रोह का नेता था ? **1**

(A) शाहमल (B) कुँवर सिंह

(C) गुन्नू (D) नाना साहेब

17. निम्नलिखित में से किसने अवध साम्राज्य के लिए नीचे दी गई पंक्ति का वर्णन किया ? **1**

"ये चैरी फल एक दिन हमारे ही मुँह में आकर गिरेगा।"

(A) लॉर्ड कॉर्नवालिस (B) लॉर्ड वेलेजली

(C) लॉर्ड डलहौजी (D) लॉर्ड कैनिंग

18. निम्नलिखित में से किस स्थान पर 10 मई, 1857 को विद्रोह शुरू हुआ ? **1**

(A) बैरकपुर (B) दिल्ली

(C) मेरठ छावनी (D) लखनऊ

collegebatch.com

19. निम्नलिखित में से किसने संविधान सभा में प्रस्ताव पेश किया कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज केसरिया, सफेद और गहरे हरे रंग का समान अनुपात में क्षैतिज तिरंगा होगा और केंद्र में नीले रंग का चक्र होगा ? **1**

(A) वल्लभभाई पटेल

(B) राजेन्द्र प्रसाद

(C) बी.आर. अम्बेडकर

(D) जवाहरलाल नेहरू

20. नीचे दी गई जानकारी की सहायता से संविधान सभा के सदस्य की पहचान कीजिए : **1**

| | |
|---|---|
| (i) | वह संविधान की प्रारूप समिति के सदस्य थे । |
| (ii) | वह एक वकील थे । |
| (iii) | इन्होंने संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए । |
| (iv) | वह मद्रास (चेन्नई) के रहने वाले थे । |

(A) बी.एन. राव

(B) के.एम. मुंशी

(C) अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर

(D) एस.एन. मुखर्जी

21. निम्नलिखित में से किस आंदोलन को 'लाल–बाल–पाल' ने व्यापक बनाया और 1905-1907 तक अपने संघर्ष को 'अखिल भारतीय चरित्र' के रूप में व्यक्त किया ? **1**

(A) गदर आंदोलन

(B) स्वदेशी आंदोलन

(C) सत्याग्रह आंदोलन

(D) किसान आंदोलन

collegebatch.com

**खण्ड – ख**

**(लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** **3 × 6 = 18**

22. (a) अपने शिल्प उत्पादन के लिए कच्चा माल प्राप्त करने के लिए हड़प्पावासियों द्वारा अपनाए गए तरीकों को स्पष्ट कीजिए । **3**

**अथवा**

(b) पुरातत्वविद् हड़प्पावासियों की आहार संबंधी आदतों का पुनर्निर्माण करने में कैसे सक्षम हुए हैं ? स्पष्ट कीजिए । **3**

23. छठी शताब्दी ईसा पूर्व के बाद से कुलीन परिवारों के बीच पितृवंशीय व्यवस्था कैसे महत्त्वपूर्ण थी ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । **3**

24. "बाबा गुरु नानक देवजी ने निर्गुण भक्ति का प्रचार किया ।" इस कथन की व्याख्या कीजिए । **3**

25. "आइन-ए-अकबरी को सोलहवीं और सत्रहवीं शताब्दी के कृषि इतिहास का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत माना जाता है ।" इस कथन की परख कीजिए । **3**

collegebatch.com

26. (a) बहादुरशाह ज़फर ने 1857 के विद्रोहियों को किन परिस्थितियों में अपना आशीर्वाद दिया ? स्पष्ट कीजिए । **3**

**अथवा**

(b) 1857 के विद्रोह को जानने के किन्हीं तीन स्रोतों को स्पष्ट कीजिए । **3**

27. "संविधान के मसविदे में संघवाद के मुद्दे पर विषयों की तीन सूचियाँ बनाई गईं ।" इस कथन को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । **3**

## खण्ड – ग

**(दीर्घ–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** **8 × 3 = 24**

28. (a) "आरंभिक भारतीय इतिहास में छठी शताब्दी ईसा पूर्व आरंभिक राज्यों, साम्राज्यों और विभिन्न विचारधाराओं के उद्भव का काल था ।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइये । **8**

**अथवा**

(b) "हालाँकि अभिलेख इतिहास के पुनर्निमाण के लिए मजबूत साक्ष्य प्रदान करते हैं फिर भी इन साक्ष्यों की कुछ सीमाएँ हैं ।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइये । **8**

29. (a) विजयनगर साम्राज्य के उत्थान और पतन के मुख्य कारणों की परख कीजिए । **8**

**अथवा**

(b) विजयनगर साम्राज्य की किलेबंदी के विशिष्ट पहलुओं की परख कीजिए । **8**

collegebatch.com

30. (a) गाँधीजी के 'नमक सत्याग्रह' शुरू करने के निर्णय के पीछे के कारणों को स्पष्ट कीजिए और यह आंदोलन एक महत्त्वपूर्ण घटना क्यों बन गया ? **3 + 5 = 8**

**अथवा**

(b) 'भारत छोड़ो आंदोलन' को जन आंदोलन क्यों माना गया ? स्पष्ट कीजिए। **8**

## खण्ड – घ

**(स्रोत-आधारित प्रश्न)** **4 × 3 = 12**

31. निम्नलिखित स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4**

**व्यवहार में बौद्ध धर्म**

सुत्त पिटक से लिए गए इस उद्धरण में बुद्ध सिगल नाम के एक अमीर गृहपति को सलाह दे रहे हैं :

मालिक को अपने नौकरों और कर्मचारियों की पाँच तरह से देखभाल करनी चाहिए.... उनकी क्षमता के अनुसार उन्हें काम देकर, उन्हें भोजन और मज़दूरी देकर, बीमार पड़ने पर उनकी परिचर्या करके, उनके साथ सुस्वादु भोजन बाँटकर और समय-समय पर उन्हें छुट्टी देकर...

कुल के लोगों को पाँच तरह से श्रमणों (जिन्होंने सांसारिक जीवन को त्याग दिया है) और ब्राह्मणों की देखभाल करनी चाहिए.... कर्म, वचन और मन से अनुराग द्वारा, उनके स्वागत में हमेशा घर खुले रखकर और उनकी दिन-प्रतिदिन की ज़रूरतों की पूर्ति करके।

सिगल को माता-पिता, शिक्षक और पत्नी के साथ व्यवहार के लिए भी ऐसे ही उपदेश दिए गए हैं।

collegebatch.com

31.1 बौद्ध धर्म में सुत्त पिटक के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। **1**

31.2 बुद्ध ने अमीर गृहपति को मानवीय और नैतिक बनने की सलाह कैसे दी ? **1**

31.3 बुद्ध ने सिगल को अपने माता-पिता और शिक्षकों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए, इस बारे में क्या सलाह दी ? **2**

32. नीचे दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4**

**विशाल पहुँच वाली एक भाषा**

संस्कृत के विषय में अल-बिरूनी यह लिखता है :

यदि आप इस कठिनाई (संस्कृत भाषा सीखने की) से पार पाना चाहते हैं तो यह आसान नहीं होगा क्योंकि अरबी भाषा की तरह ही, शब्दों तथा विभक्तियों, दोनों में ही इस भाषा की पहुँच बहुत विस्तृत है। इसमें एक ही वस्तु के लिए कई शब्द, मूल तथा व्युत्पन्न दोनों, प्रयुक्त होते हैं और एक ही शब्द का प्रयोग कई वस्तुओं के लिए होता है, जिन्हें भली प्रकार समझने के लिए विभिन्न विशेषक संकेतपदों के माध्यम से एक दूसरे से अलग किया जाना आवश्यक है।

32.1 अल-बिरूनी को संस्कृत का अध्ययन करने के लिए किस चीज़ ने प्रेरित किया ? **1**

32.2 संस्कृत के बारे में अल-बिरूनी की टिप्पणियों ने अंतर-संस्कृतिक समझ में कैसे योगदान दिया ? **1**

32.3 अल-बिरूनी ने संस्कृत की तुलना अरबी से किस प्रकार की ? **2**

collegebatch.com

33. नीचे दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4**

**रैयत अर्जी**

नीचे एक याचिका का उदाहरण दिया गया है जो करजत तालुका के मीरगाँव के एक रैयत द्वारा कलेक्टर, अहमदनगर, दक्कन दंगा आयोग को दी गई थी :

साहूकार लोग काफी दिनों से हम पर अत्याचार कर रहे हैं । चूँकि हम अपना घर खर्च चलाने के लिए काफी मात्रा में पैसा नहीं कमा सकते, इसलिए हम उनसे पैसा, कपड़ा और अनाज़ माँगने के लिए मजबूर हो गए हैं । उनसे हमें ये चीजें मिलती जाती हैं पर बड़ी कठिनाई से और उसके लिए हमें उनके साथ कड़ी शर्तों पर बंधपत्र लिखने के लिए मजबूर होना पड़ता है । इसके अलावा कपड़ा और अनाज भी नकद दरों पर नहीं बेचा जाता । हमसे जो कीमतें माँगी जाती हैं वह नकदी कीमत चुकाने वाले ग्राहकों की अपेक्षा आमतौर पर 25 से 50 प्रतिशत ज्यादा होती हैं । ..... हमारे खेतों की उपज भी साहूकार ले जाते हैं; उपज ले जाते समय तो वे हमें यह आश्वासन देते हैं कि इसकी कीमत हमारे खाते में जमा कर दी जाएगी लेकिन वे हमारे खातों में ऐसा कोई उल्लेख नहीं करते । वे जब हमारी उपज ले जाते हैं तो बदले में कोई रसीद भी नहीं देते ।

33.1 साहूकार रैयतों पर किस प्रकार से अत्याचार करते थे ? **1**

33.2 साहूकारों द्वारा अनाज क्यों छीना गया ? **1**

33.3 रैयतवारी व्यवस्था की किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । **2**

collegebatch.com

## खण्ड – ङ

**(मानचित्र–आधारित प्रश्न)** **$5 \times 1 = 5$**

34. 34.1 दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए :

(i) बनावली – विकसित हड़प्पा पुरास्थल **1**

(ii) भरहुत – बौद्ध स्थल **1**

(iii) (a) आगरा – मुगलों के अधीन क्षेत्र **1**

**अथवा**

(b) दिल्ली – मुगलों के अधीन क्षेत्र **1**

34.2 दिए गए इसी राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर दो स्थानो को A और B से अंकित किया गया है जो भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के केन्द्र थे । इनको पहचानिए और इनके साथ खींची गई रेखाओं पर इनके सही नाम लिखिए । **2**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 34 के स्थान पर हैं ।**

34.1 किन्हीं दो हड़प्पा पुरास्थलों का उल्लेख कीजिए । **2**

34.2 (a) मुगलों के अधीन किसी एक क्षेत्र का उल्लेख कीजिए । **1**

**अथवा**

(b) विजयनगर साम्राज्य की राजधानी का उल्लेख कीजिए । **1**


34.3 भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के किन्हीं दो केन्द्रों के नाम लिखिए । **2**

collegebatch.com

यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here

प्रश्न सं. **34** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **34**



collegebatch.com